**खबर संक्षेप**

### अनमोल सोनी का नेशनल के लिए चयन

**विदिशा।** नगर की प्रतिष्ठित संस्था साकेत स्कूल के खिलाड़ियों ने एक बार फिर तीरंदाजी खेल में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। नर्मदापुरम जिले के इटारसी में 4 से 8 अक्टूबर तक आयोजित 69वीं राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में विदिशा के साकेत स्कूल के नौ खिलाड़ियों ने भोपाल संभाग का प्रतिनिधित्व किया। इस प्रतियोगिता में आयुषी सिंह ने 17 वर्ष बालिका वर्ग रिकर्व राउंड टीम इवेंट में तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं अनमोल सोनी ने 17 वर्ष बालिका वर्ग कंपाउंड राउंड में चौथा स्थान अर्जित कर नेशनल एसजीएफआई प्रतियोगिता के लिए चयनित हुईं। अब अनमोल सोनी झारखंड की राजधानी रांची में नवंबर के तीसरे सप्ताह में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी।

### जल उपयोगिता समिति की बैठक 14 को होगी

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जल उपयोगिता समिति की बैठक मंगलवार 14 अक्टूबर को होगी। बैठक कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में दोपहर 3 बजे से शुरू होगी। बैठक में पेयजल एवं औद्योगिक प्रयोग के लिए जल का आरक्षण, जलकर का भुगतान, कृषि विभाग द्वारा फसलों का चुनाव किया जाना, विद्युत विभाग द्वारा जल संसाधन की अनुमति के बिना नहर एवं बांध पर विद्युत कनेक्शन नहीं देने सहित लोनिवि अंतर्गत निर्मित सड़कों के संबंध में चर्चा की जाएगी।

### विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर कार्यक्रम हुआ

**विदिशा।** विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. नरेश सोलंकी और डॉ. जगमोहन प्रजापति (अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय) ने छात्रों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व से अवगत कराया। डॉ. सोलंकी ने कहा कि स्वास्थ्य केवल रोग की अनुपस्थिति नहीं, बल्कि शारीरिक, मानसिक व सामाजिक कल्याण की स्थिति है। डॉ. प्रजापति ने शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के संतुलन को आवश्यक बताया। कार्यक्रम को डॉक्टर अशोक राजपूत ने भी संबोधित किया।

### किशोरी बालिकाओं के लिए स्वास्थ्य शिविर लगा

**विदिशा।** अंतरराष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता लोढ़ा के मार्गदर्शन में शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या विद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य एवं सकारात्मक जीवन दृष्टिकोण विषय पर एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 200 से अधिक बालिकाओं ने भाग लिया। विशेषज्ञों ने तनाव प्रबंधन, आत्मविश्वास वृद्धि और मानसिक संतुलन के उपाय बताए। बालिकाओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को समझा और सकारात्मक सोच अपनाने का संकल्प लिया।

### एसपीआर पोर्टल पर ई-केवाईसी सत्यापन 13 अक्टूबर से अनिवार्य

**विदिशा।** जिले के सभी स्थानीय निकाय कर्मचारियों को अब एसपीआर पोर्टल पर लॉगिन के लिए ई-केवाईसी आधारित ओटीपी सत्यापन अनिवार्य रूप से करना होगा। यह व्यवस्था 13 अक्टूबर 2025 से लागू होगी। समग्र सपोर्ट टीम ने बताया कि लॉगिन के समय समग्र आईडी से जुड़े मोबाइल नंबर पर भेजे गए ओटीपी को दर्ज करना आवश्यक रहेगा। टीम ने सभी कर्मचारियों से शीघ्र ई-केवाईसी सत्यापन पूर्ण करने और अपनी वार्ड या ग्राम पंचायत मैपिंग सही करने की अपील की है। यह कदम डेटा सुरक्षा और पारदर्शिता बढ़ाने के उद्देश्य से उठाया गया है।

### कई चिकित्सा संगठन कर रहे डॉ. प्रवीण सोनी की गिरफ्तारी का विरोध

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** छिंदवाड़ा में वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रवीण सोनी की गिरफ्तारी एवं निलंबन की कार्यवाही के विरोध में आज शनिवार को शहर के विभिन्न चिकित्सा संगठन संयुक्त रूप से दोपहर 2.30 बजे प्रेसवार्ता करेंगे। इसमें इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, इंडियन अकैडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स, मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन, मेडिकल ऑफिसर्स एसोसिएशन, डॉक्टर्स फोरम, नर्सिंग होम एसोसिएशन, नीमा, जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन, पैथोलॉजी एसोसिएशन, होम्योपैथी एसोसिएशन एवं एमपी एनएसआरयू सहित अन्य संगठन शामिल होंगे। संगठन डॉ. सोनी के समर्थन में अपनी एकजुटता प्रकट करेंगे एवं मृत आत्माओं को श्रद्धांजलि व संवेदनाएं अर्पित करेंगे। सभी पत्रकारों को प्रेस वार्ता में आमंत्रित किया गया है।



विदिशा। गुरुद्वारे में आयोजित सामूहिक पूजन में पंजाबी समाज सहित अन्य समाज की महिलाओं ने पहुंचकर विधि विधान से पूजा अर्चना की।

### गुरुद्वारे में महिलाओं ने की सामूहिक पूजा अर्चना

**विदिशा।** हर साल की तरह इस वर्ष भी करवा चौथ का पर्व गुरुद्वारा में धूमधाम से मनाया गया। सामूहिक पूजा में न केवल पंजाबी समाज की महिलाएं, बल्कि अन्य समुदायों की महिलाएं भी शामिल हुईं। पूजा, कथा वाचन और चंद्र दर्शन का यह आयोजन सामाजिक एकता और सांस्कृतिक सौहार्द का उत्कृष्ट उदाहरण रहा।करवा चौथ केवल पति-पत्नी के प्रेम का प्रतीक नहीं, बल्कि समाज में एकता, आस्था और परंपरा के संरक्षण का संदेश भी देता है।

### आश्रम की वर्षगांठ पर कल होगा कार्यक्रम

**विदिशा।** विट्ठल नगर स्थित अपना घर आश्रम मंदबुद्धि, असहाय, अनाथ एवं बेसहारा प्रभुजनों की सेवा में समर्पित है। संस्था अपनी स्थापना की द्वितीय वर्षगांठ 12 अक्टूबर रविवार को सुबह 11 बजे मनाएगी। कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि एवं कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान मुख्य अतिथि होंगे। आश्रम के संस्थापक डॉ. बीएम भारद्वाज (भरतपुर) मुख्य वक्ता तथा विधायक मुकेश टंडन एवं डॉ. श्याल आनंद विशेष अतिथि रहेंगे। कार्यक्रम से पहले आज 11 शनिवार सुबह 11 बजे प्रेस वार्ता आयोजित की गई है।

### समर्थन मूल्य पर धान बेचने 1274 किसानों ने पंजीयन कराया

**विदिशा।** समर्थन मूल्य पर धान बेचने की अंतिम तारीख 10 अक्टूबर तक जिले में 1274 किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है। सर्वाधिक विदिशा तहसील में 527 किसानों के द्वारा पंजीयन कराया गया है। सबसे कम लटेरी में एक किसान ने पंजीयन कराया। इसके अलावा गुलाबगंज में 217, बासौदा में 202, पठारी में 73, ग्यारसपुर में 70, कुरवाई में 47, शमशाबाद में 43, नटेरन में 39, विदिशा शहर में 34, त्योंदा में 17, सिरोंज में चार किसानों ने पंजीयन कराया है। इसके अलावा जिले में बाजरा एवं ज्वार विक्रय के लिए भी चार-चार किसानों ने पंजीयन कराया है उनमें बाजरा के लिए विदिशा में दो, ग्यारसपुर एवं बासौदा में एक-एक जबकि ज्वार के लिए शमशाबाद में दो तथा बासौदा एवं कुरवाई में एक-एक किसान के द्वारा पंजीयन कराया गया है।

### भावांतर योजना में 26066 किसानों ने पंजीयन कराया

**विदिशा।** विदिशा जिले में सोयाबीन भावांतर भुगतान योजनांतर्गत 26066 किसानों के द्वारा अब तक पंजीयन कराया जा चुका है। किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग के उप संचालक केएस खपेड़िया ने बताया कि सर्वाधिक बासौदा तहसील में 4361 और सबसे कम विदिशा नगर में 153 ने पंजीयन कराया है। वहीं सिरोंज तहसील में 3555, कुरवाई में 2925, लटेरी में 1580, त्योंदा में 2466, गुलाबगंज में 1645, पठारी में 1253, विदिशा ग्रामीण में 1973, नटेरन में 2858, ग्यारसपुर में 1403 तथा शमशाबाद में 1894 किसानों के द्वारा पंजीयन कराया जा चुका है।

### नरवाई जलाने पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया

**विदिशा।** कलेक्टर ने जिले की भौगोलिक सीमाओं में फसल कटाई के बाद खेतों में नरवाई जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया है। भूमि स्वामियों द्वारा खेतों में डंठलों को जलाने से आग फैलने की घटनाएं होती हैं, जिससे मानव जीवन, पर्यावरण एवं सार्वजनिक संपत्ति को गंभीर खतरा उत्पन्न होता है। खेत की मिट्टी में मौजूद लाभकारी सूक्ष्म जीवाणु भी नष्ट हो जाते हैं, जिससे भूमि की उर्वरकता घटती है और प्रदूषण में वृद्धि होती है।

**अब नया विवाद:** महिला की जगह पुरुष को अध्यक्ष का प्रभार देना बना विरोध का कारण

# खाली कुर्सी, भरी कुर्सी के चुनाव की मांग कांग्रेसियों ने प्रभारी अध्यक्ष का पुतला फूंका

***नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा द्वारा उपाध्यक्ष संजय दिवाकीर्ति को वित्तीय प्रभार सौंपे जाने के 24 घंटे के भीतर ही इस प्रक्रिया का विरोध शुरू हो गया है। शुक्रवार को कांग्रेसियों ने नपा कार्यालय में जमकर नारेबाजी की और प्रभारी अध्यक्ष संजय दिवाकीर्ति का पुतला फूंक दिया। कांग्रेसियों का कहना है कि नपा अध्यक्ष महिला हैं तो उनके स्थान पर किसी महिला को ही प्रभार दिया जाना था। पुरुष को प्रभार देना नियम विरुद्ध है।***

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

नपा उपाध्यक्ष संजय दिवाकीर्ति के अध्यक्ष पद का प्रभार लेने के 24 घंटे के भीतर ही विरोध हो गया। शुक्रवार को कांग्रेसियों ने नगरपालिका कार्यालय पहुंचकर उनके खिलाफ जमकर नारेबाजी की और पुतला जला दिया।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने आरोप लगाया कि नगरपालिका के 38 पार्षदों ने अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया था। नियम के अनुसार ऐसी स्थिति में खाली और भरी कुर्सी का चुनाव कराया जाना चाहिए था, लेकिन नियम को नजरअंदाज करते हुए उपाध्यक्ष को वित्तीय प्रभार दे दिया गया। इसे लोकतांत्रिक प्रक्रिया का उल्लंघन बताया गया है। महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रियंका किरार ने कहा कि यह निर्णय एक महिला का अपमान है। उनका कहना है कि जब अविश्वास प्रस्ताव लंबित है, तब नए चुनाव की प्रक्रिया अपनाई जानी चाहिए थी।

कांग्रेसी पार्षद राजा यादव ने आरोप लगाया कि पिछले दो साल में नगरपालिका में भ्रष्टाचार बढ़ गया है। उनका कहना है कि उपाध्यक्ष को भाजपा नेताओं का संरक्षण मिलने के कारण अब उन्हें भी भ्रष्टाचार करने की खुली छूट मिल गई है और शहर के विकास पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। यही कारण है कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुतला जलाकर विरोध किया और चेतावनी दी कि अगर शासन-प्रशासन ने सही कार्रवाई नहीं की, तो उनका आंदोलन और तेज होगा। उल्लेखनीय है कि इससे पहले 38 पार्षदों के हस्ताक्षर का सत्यापन भी किया गया था। लेकिन अविश्वास प्रस्ताव के लिए आगे कोई कार्रवाई नहीं की गई।



विदिशा। नगरपालिका कार्यालय में उपाध्यक्ष के खिलाफ नारेबाजी कर पुतला दहन करते हुए कांग्रेसी कार्यकर्ता।

#### शहर की कई सड़कें ऐसी जिनके उड़ चुके परखच्चे, गिर रहे वाहन चालक

नगरपालिका में चल रहे विवाद के कारण विकास कार्य बुरी तरह से प्रभावित हुए हैं और पिछले डेढ़ साल से कोई भी काम नहीं हो रहे हैं। सबसे अधिक खराब स्थिति सड़कों की है। कई सड़कें ऐसी स्थिति में पहुंच गई हैं जिन से गुजरा खतरे से खाली नहीं हैं। वाहन चालक गिर रहे हैं। दुर्घटनाएं हो रही हैं। ऐसे में अब शहर के लोगों को जल्द से जल्द सड़कों के निर्माण की आस है। क्योंकि बारिश खत्म हो चुकी है और सड़कें स्वीकृत होने के बाद भी निर्माण कार्य अब तक शुरू नहीं हो सका है। ऐसे स्थिति में लोग नगरपालिका को कोस रहे हैं की नपा में चल रहे विवाद का खामियाजा जनता क्यों भुगते क्योंकि जनता टैक्स दे रही हैं, लेकिन बदले में उन्हे सुविधाएं नहीं मिल पा रहीं हैं।

### वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान में जुटी कांग्रेस

**ग्यारसपुर।** कांग्रेस पार्टी द्वारा चलाए जा रहे वोट चोर गद्दी छोड़ राष्ट्रव्यापी हस्ताक्षर अभियान के तहत शुक्रवार को ग्यारसपुर नगर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नागरिकों से समर्थन जुटाने के लिए जनसंपर्क किया। यह अभियान कांग्रेस द्वारा देशभर में लोकतंत्र और चुनाव पारदर्शिता की मांग को लेकर चलाया जा रहा है। ग्यारसपुर में अभियान का नेतृत्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविंद राजपूत के नेतृत्व में ग्यारसपुर ब्लॉक में चलाया जा रहा है। नगर क्षेत्र में कार्यकर्ता घर-घर जाकर फार्म भरवा रहे हैं और लोगों से अभियान से जुड़ने की अपील कर रहे हैं। कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कहना है कि यह आंदोलन शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से चलाया जा रहा है।

## भौंरासा में फर्जी कागजात तैयार कर जमीन पर कब्जे की शिकायत, कलेक्टर से जांच की मांग

**पत्नी की जमीन को भाई-बहन ने गलत तरीके से नक्शे बनाकर बेचा**

**विदिशा।** कुरवाई तहसील के भोरासा गांव निवासी जुल्फिकार अली अपनी पत्नी नजमा बी के साथ का कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां उन्होंने लिखित शिकायत करते हुए पत्नी के नाम की जमीन को उसके भाई बहन द्वारा गलत तरीके से कागजात तैयार कर फर्जी नक्शा बनाकर दूसरे व्यक्ति को बेचने का आरोप लगाया है। उन्होंने मामले की शिकायत कुरवाई में भी की थी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। अब कलेक्टर और एसपी के नाम आवेदन देकर मामले की जांच कर फर्जी तरीके से कागजात तैयार करने वालों पर 420 का मामला दर्ज करने की मांग की है। आवेदन में कहा गया है कि मजहर मोहम्मद उर्फ कल्लू जागीरदार एवं उनके परिजनों ने उसके पति के साथ गाली-गलौज कर मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी है।



### आदतन अपराधी पर एनएसए की कार्रवाई

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जिले के एक आदतन अपराधी पर एनएसए राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम 19 की धाराओं के तहत कार्रवाई कर जेल में निरूद्ध किए जाने का आदेश जारी कर दिया है। जारी आदेश में उल्लेख है कि थाना मुरवास अंतर्गत आदतन अपराधी असद खान जीलानी पुत्र गुमाल अहमद जीलानी उम्र 59 वर्ष निवासी ग्राम खुदारामपुर थाना मुरवास जिला विदिशा को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम 1980 के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए केन्द्रीय जेल भोपाल में भेजे जाने का आदेश पारित किया है।

## हिट एंड रन के 10 मामलों में मुआवजा स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

मोटरयान अधिनियम के तहत हिट एंड रन दुर्घटनाओं में मृतक या गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को साधारण बीमा परिषद के माध्यम से प्रतिकर प्रदान किया जा रहा है।

इस योजना के अंतर्गत मृत्यु की स्थिति में दो लाख रुपये तथा गंभीर रूप से घायल होने पर पचास हजार रुपये की मुआवजा राशि दी जाती है। जिले के विभिन्न विकासखंडों से प्राप्त 10 नए आवेदनों की तहसीलदार द्वारा जांच के बाद जिला दावा निबटान समिति की बैठक में कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में स्वीकृति दी गई।

जांच उपरांत दावा आयुक्त कलेक्टर द्वारा संबंधित स्वीकृति आदेश जारी किए गए हैं। पिछले छह माह में प्राप्त कुल 43 आवेदनों में से 39 स्वीकृत तथा 4 आवेदन अपात्र पाए जाने से निरस्त किए गए हैं। इनमें से अब तक 4 आवेदकों को कुल 8 लाख रुपए की मुआवजा राशि साधारण बीमा परिषद द्वारा उनके बैंक खातों में जारी की जा चुकी है। जिला परिवहन अधिकारी गिरजेश वर्मा ने बताया कि हिट एंड रन पीड़ितों को शीघ्र सहायता पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने आमजन से अपील की कि दुर्घटना की सूचना तत्काल पुलिस थाना एवं परिवहन कार्यालय को दें, ताकि पात्र लाभार्थियों को त्वरित राहत मिल सके।

**कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने बेतवा नदी किनारे के क्षेत्र का भ्रमण किया**

# हरित क्षेत्र, योग स्थल, ओपन एयर थियेटर जैसे सार्वजनिक उपयोग बेतवा किनारे जगह चिन्हित

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने शुक्रवार को बेतवा नदी तट का भ्रमण कर बेतवा रिवर फ्रंट डेवलपमेंट एवं नगर वन परियोजना के लिए उपयुक्त भूमि का चयन किया। इस अवसर पर नपा सीएमओ दुर्गेश सिंह भी मौजूद रहे।

कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान कहा कि बेतवा रिवर फ्रंट का विकास शहर की पहचान को नया आयाम देगा। इस परियोजना के माध्यम से न केवल नदी तट का सौंदर्यीकरण होगा, बल्कि स्थानीय नागरिकों के लिए एक आकर्षक पर्यटन स्थल भी तैयार होगा। उन्होंने निर्देश दिए कि रिवर फ्रंट डेवलपमेंट में पर्यावरणीय संतुलन और प्राकृतिक सौंदर्य को प्राथमिकता दी जाए। इसी क्रम में नगर वन परियोजना के लिए भी भूमि का चयन किया गया। जहां नागरिकों के लिए हरित क्षेत्र, योग स्थल एवं ओपन एयर थियेटर जैसे सार्वजनिक उपयोग के स्थल विकसित किए जाएंगे। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि भूमि चयन के बाद शीघ्र डीपीआर तैयार कर प्रस्ताव शासन को भेजा जाए ताकि परियोजनाओं पर कार्य शीघ्र आरंभ हो सके।



विदिशा। बेतवा किनारे के भ्रमण के दौरान भूमि का चयन करते हुए कलेक्टर व सीएमओ।

## नि:शुल्क राशन की पात्रता से 425 परिवार हटेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

- 97 परिवारों ने निशुल्क राशन जारी रखने का आग्रह किया।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत निशुल्क राशन का लाभ ले रहे 6 लाख से अधिक आयकर रिटर्न फाइल करने वाले परिवारों की जांच के दौरान नगर के 552 परिवारों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए गए थे।

जिला आपूर्ति अधिकारी अनिल तंतुवाय ने बताया कि इनमें से 30 परिवारों ने स्वेच्छा से अपनी पात्रता समाप्त करने हेतु पोर्टल पर आवेदन किया है, जबकि 97 परिवारों ने अपने जवाब में निशुल्क राशन का लाभ जारी रखने का आग्रह किया है। श्री तंतुवाय ने बताया कि शेष 425 परिवारों द्वारा निर्धारित समय सीमा में कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया है। ऐसे परिवारों की पात्रता निरस्त किए जाने की कार्यवाही ऑनलाइन पोर्टल पर प्रचलन में है। उन्होंने बताया कि जिन परिवारों ने स्वेच्छा से नाम विलोपित करने का आग्रह किया है, उनके नाम पोर्टल पर चिन्हांकित कर दिए गए हैं। यह कार्रवाई शासन के निर्देशानुसार आयकर दाताओं को राशन पात्रता सूची से बाहर करने के उद्देश्य से की जा रही है ताकि वास्तविक पात्र परिवारों को योजना का लाभ मिल सके।

## बासौदा मंडी भाव

गेहूं शरबती
न्यूनतम भाव-2700
उच्चतम भाव-3301
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव -2400
उच्चतम भाव- 2750
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2435
उच्चतम भाव- 2435
चना
न्यूनतम भाव-4370
उच्चतम भाव-5975
मसूर
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-7500
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2900
उच्चतम भाव- 3230
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2015
उच्चतम भाव-4500
सरसों
न्यूनतम भाव-2990
उच्चतम भाव-6750
मक्का
न्यूनतम भाव-1150
उच्चतम भाव- 2440
धान
न्यूनतम भाव-1500
उच्चतम भाव- 2440
मूंग
न्यूनतम भाव-4500
उच्चतम भाव-6000
बटरी
न्यूनतम भाव-3230
उच्चतम भाव-3230
तुअर
न्यूनतम भाव-4810
उच्चतम भाव-4810
धनिया
न्यूनतम भाव-6350
उच्चतम भाव-6350
अलसी
न्यूनतम भाव-6600
उच्चतम भाव-6600

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मण्डी में शुक्रवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 12609 बोरे कृषि उपज की आवक दर्ज हुई।

# किरवाया में जघन्य हत्या के आरोपियों को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शुक्रवार को द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश हरप्रसाद बंशकार ने हत्याकांड के मामले में आरोपी सुनील सेन उम्र 46 वर्ष, विकास सेन उम्र 21 वर्ष, सीमा सेन उम्र 42 वर्ष निवासी ग्राम किरवाया को धारा 302/34 भादं.वि. में दोषसिद्ध पाते हुए आजीवन सश्रम कारावास तथा 500 रूपये अर्थदण्ड से दंडित किया है। निर्णय में अर्थदंड की राशि जमा न करने पर अतिरिक्त कारावास का भी प्रावधान किया गया है।

अपर लोक अभियोजक नरेन्द्र व्यास द्वारा मामले की जानकारी देते हुए बताया गया कि दिनांक 15.05.2024 को शाम करीब 0 5 बजे फरियादी नीलेश अपने खेत पर पानी दे रहा था, फरियादी की मां बिरजाबाई एवं उसके पिता राजाराम वहीं पास में दूसरे खेत में पानी दे रहे थे। फरियादी नीलेश को गालियों की आवाज सुनाई दी, तो उसने जाकर देखा, तो वहां पर आरोपीगण सुनील व विकास सेन उसके पिता राजाराम को गालियां दे रहे थे। फरियादी ने सरपंच को फोन लगाकर बताया, तो




आरोपी सुनील सेन ने हाथ में लिए डंडा से उसे मारा तथा फरियादी की मां बिरजाबाई को आरोपी विकास ने हाथ में लिए छुरी से मारा। मारपीट में फरियादी को सिर में, राजाराम को सिर में चोट आई थीं।

आरोपी सुनील और सीमा ने डंडे से मारपीट की थी। सभी आरोपी बोल रहे थे कि रिपोर्ट की तो जान से खत्म कर देंगे। घटना गुड्डीबाई केवट एवं अभिषेक गुर्जर ने देखी। उक्त घटना के संबंध में थाने में आरोपीगणों पर भादंवि की धारा 294, 323, 324, 506, 34 के अंतर्गत मामला पंजीबद्ध किया गया। मामले की विवेचना के दौरान राजाराम की उपचार के दौरान मौत हो गई। जिस पर आरोपियों पर दर्ज प्रकरण में धारा 302 भादंवि का ईजाफा किया गया। दिनांक 18.05.2024 को आरोपी सुनील सेन, विकास सेन और सीमा सेन को गिरफ्तार कर हथियारों की जब्ती की गई। समस्त आवश्यक अनुसंधान उपरांत आरोपी के विरूद्ध अभियोग-पत्र संबंधित न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। प्रकरण में अभियोजन साक्ष्य के पश्चात दोनों पक्षों के अंतिम तर्क हुए, जिसमें अपर लोक अभियोजक नरेन्द्र व्यास के तर्कों से तथा प्रकरण में आए साक्ष्यों से सहमत होते हुये द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश नहरप्रसाद बंशकार ने आरोपियों को हत्या के मामले में दोषी पाते हुए आजीवन कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड जमा न करने पर अतिरिक्त सजा का भी प्रावधान किया गया। उक्त जानकारी नरेन्द्र व्यास अपर लोक अभियोजक द्वारा दी गई।

### सफाई ठेका निरस्त, ठेकेदार ने लिया एक्सटेंशन, लेकिन सफाई नहीं

# अमृत भारत स्टेशन पर गंदगी का अंबार, यात्रियों को रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत नगर के रेलवे स्टेशन का भव्य निर्माण तो हो गया है, लेकिन इस स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत सुविधाओं में विस्तार नहीं किया गया है। हालत यह है कि स्टेशन पर सफाई की व्यवस्था पहले से भी बदतर हो गई है। सभी प्लेटफार्म पर जगह जगह गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। प्याऊ के आसपास भी इतनी गंदगी है कि वहां पानी पीना भी मुश्किल हो जाता है।

उल्लेखनीय है कि नगर के रेलवे स्टेशन का निर्माण अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत कराया गया है। इस योजना से निर्माण होने पर यात्रियों एवं आम नागरिकों को स्टेशन पर बेहतर सुविधाएं मिलने की उम्मीद बढ गई थी, लेकिन निर्माण के बाद से अब सुविधाएं पहले से भी बदतर हो गई हैं। ज्ञात हो कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत नगर के रेलवे स्टेशन पर भव्य एवं आकर्षक मुख्य भवन, प्लेटफार्म विस्तार, टीनशेड निर्माण, परिसर का व्यवस्थित निर्माण, मुख्य प्रवेश द्वार का निर्माण, बाउंड्रीवाल आदि बनवाए गए हैं। यह पूरा प्रोजेक्ट करीब 24 करोड रूपए की लागत का है। इसमें अभी नवीन आरओबी निर्माण एवं कुछ अन्य कार्य भी किए जाना हैं।






रेलवे स्टेशन के नवनिर्माण से सभी को अच्छी सुविधाएं मिलने की उम्मीद थी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। अब स्टेशन की हालत यह है कि रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर मवेशी डेरा जमाए रहते हैं और यात्रियों के सामान एवं खाने पीने की चीजों के लिए उन पर झपटते रहते हैं। साथ ही मवेशियों के गोबर के कारण भी पूरे प्लेटफार्म पर गंदगी व्याप्त रहती है। इसके अलावा जगह जगह कचरे के ढेर, प्याऊ के आसपास गंदगी, टूटे नल आदि अव्यवस्थाओं से यात्रियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड रहा है। उधर पिछले दिनों सफाई ठेके की अवधि पूरी हो गई थी, जिसके बाद कर्मचारियों ने काम नहीं किया और अब पूरा स्टेशन परिसर गंदगी एवं कचरे से भरा पडा है।

इस संबंध में रेलवे स्टेशन प्रबंधक हलीम खान ने बताया कि सफाई एजेंसी का ठेका गत 29 सितंबर को समाप्त हो गया था, लेकिन उसे तीन माह का एक्सटेंशन मिल गया है। इस अवधि में सफाई कर्मचारियों ने काम नहीं किया था और गंदगी व्याप्त हो गई थी। अब एजेंसी की ठेका अवधि तीन माह बढ गई है और शनिवार से सफाई व्यवस्था फिर से शुरू हो जाएगी।

## करवा चौथ : पति की दीर्घायु के लिए सुहागिनों ने रखा निर्जला व्रत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शुक्रवार को नगर सहित ग्रामीण अंचल में सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की दीर्घायु की कामना के लिए दिन भर निर्जला व्रत रखकर रात्रि को विधि विधान से माता करवा चौथ की पूजन अर्चन की। तत्पश्चात चंद्रमा की पूजन कर, अर्घ्य देकर पति का तिलक लगाकर, पूजन कर पति के हाथ से जल पीकर उपवास खोला।

उल्लेखनीय है कि नगर सहित ग्रामीण अंचलों में करवाचौथ की तैयारी जोरों पर चल रही थीं। इस पर्व को देखते हुए बाजार में भी रंग बिरंगे और आकर्षक करबों के साथ पूजन सामग्री बेंचने वालों की दुकानें कुछ दिन पहले से ही सज गई थीं। जिनसे महिलाओं ने अपनी पसंद और रूचि अनुसार करबे एवं पूजन सामग्री, कपडे एवं उपहार सामग्री की खरीददारी की और दिन भर दुकानों पर चहल पहल बनी रहीं। करवा चौथ के दिन महिलाओं की भीड दुकानों पर खरीदारी के लिए पहुंची और दीवाली के पहले बाजार में अच्छी रौनक नजर आई। यहां उल्लेखनीय है कि करवा चौथ के दिन सभी सौभाग्यवती महिलाओं ने अपने पति की दीर्घायु और सुख समृद्धि की कामना के साथ व्रत रखा। दिन भर निर्जला व्रत रखने के बाद रात्रि के समय चंद्रमा को अर्घ्य देकर भगवान शिव गणपति कार्तिकेय एवं स्कंध की पूजन कर पति की दीर्घ आयु , संतान के भाग्य एवं सब प्रकार की बाधाओं से निजात पाने के लिए उक्त व्रत रखा गया। इस व्रत में महिलाएं करवा में मिठाई, पकवान भरकर भगवान को भोग लगाकर सौभाग्यवती स्त्री को भेंट करती हैं। चंद्र दर्शन के पश्चात ही प्रसादी ग्रहण करती हैं। इस पर्व पर भी महिलाओं ने व्रत विधि विधान के साथ कर भगवान, पति एवं चंद्रमा की पूजन कर पति के हाथ से जल पीकर व्रत खोला।

## खबर संक्षेप

### नंदी शाला में फल, सब्जी भेजी



**गंजबासौदा।** शुक्रवार को नगर पालिका द्वारा संचालित की जा रही नंदी शाला में फल एवं सब्जी मंडी से एकत्रित फल एवं सब्जी को नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र यादव के निर्देश अनुसार एकत्रित फल एवं सब्जियों को नंदी शाला भेजा गया।

### साफ-सफाई कराई

**गंजबासौदा।** वार्ड नंबर 15 मिर्जापुर राम जानकी मंदिर प्रांगण की सफाई नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, नपा सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, नपा सीएमओ रवि प्रकाश श्रीवास्तव के निर्देशानुसार साफ, सफाई कार्य कराया गया।

## विधिक साक्षरता शिविर आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

तहसील विधिक सेवा समिति के तत्वावधान में शुक्रवार को ककरावदा में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिये, विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन तृतीय व्यवहार न्यायधीश आफरीन यूसुफ जई अंसारी कनिष्ठ खंड एवं न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी के मुख्य आतिथ्य में किया गया। शिविर में मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिये नालसा मानसिक बीमारी वाले व्यक्तियों और बौद्धिक विकलांग व्यक्तियों के लिये कानूनी सेवाएं योजना 2024, संविधान के मूलभूत अधिकार, कर्तव्य, दैनिक जीवन में उपयोगी विधियां, पीड़ित प्रतिकर योजना, निःशुल्क विधिक सहायता, मध्यस्थता,लोक अदालत, नालसा हेल्प लाइन 15100 के संदर्भ मे जानकारी दी गई। शिविर में एडवोकेट संजीव कुमार अरोरा,धर्मेन्द्र सिंह रघुवंशी, राजेश सक्सेना, सरपंच सविता रघुवंशी सचिव हरगोविंद अहिरवार, सुनील बाबू पिंगले, अब्दुल कादिर, शारदा रघुवंशी, विजय सिंह, खिलान अहिरवार, रानी अहिरवार उपस्थित रहे।

## नगर के डॉ विशाल करंदीकर ने पीएससी की सहायक प्राध्यापक परीक्षा में प्राप्त किया प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर के डॉ विशाल करंदीकर ने मप्र लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक प्राध्यापक परीक्षा 2022 में अनारक्षित वर्ग में प्रथम स्थान अर्जित किया है और उनकी ओवर ऑल रैंकिंग तीसरी है। डॉ विशाल की इस सफलता पर उनके परिजनों, मित्रों, शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

नगर के बरेठ रोड निवासी कृषक सूर्यकांत एवं वीणा करंदीकर के पुत्र डॉ विशाल वर्ष 1999 से प्रशासनिक परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। अभी तक वे करीब 8 से अधिक परीक्षाएं दे चुके हैं और लोक सेवा आयोग की परीक्षा में यह उनका पांचवां साक्षात्कार था। जिसमें उन्हें सफलता मिल गई। डॉ विशाल समाजशास्त्र विषय से पीएचडी कर चुके हैं और तीन बार यूजीसी नेट परीक्षा भी पास कर चुके हैं।



इस सफलता को लेकर डॉ विशाल ने बताया कि उनकी स्कूली शिक्षा नगर के नवांकुर विद्यापीठ से हुई और उसके बाद वे स्नातक करने के साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में जुट गए थे। शुरूआती असफलताओं के बावजूद उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और लगातार मेहनत करते रहे। साथ ही अपनी पढाई भी जारी रखी। इसी बीच वे अतिथि विद्वान के रूप में शासकीय महाविद्यालय ओरछा में पदस्थ हो गए, जहां वे वर्तमान में भी पदस्थ हैं। लोक सेवा आयोग की सहायक प्राध्यापक परीक्षा 2022 की लिखित परीक्षा गत वर्ष 4 अगस्त को हुई थी और उसका इंटरव्यू इसी वर्ष 12 सितंबर को हुआ था। जिसका परिणाम गत दिवस आया है। उन्होंने सभी युवाओं को सलाह दी है कि धैर्य बनाए रखें और पूरी मेहनत से अपने प्रयास करते रहे।

### शिक्षकों ने मनाया विद्यार्थियों का जन्मदिन



**गंजबासौदा।** काला पठार शाला की सबसे होनहार दोनों छात्रा देविका गुप्ता और मोहिनी अहिरवार का जन्मदिन शाला परिवार और छात्रों द्वारा उत्साह पूर्वक केक काटकर और मिठाई वितरित कर मनाया गया। शासकीय प्राथमिक शाला कालापठार के प्रभारी प्रथ्वी सिंह रघुवंशी ने देविका, मोहिनी को बधाई एवं शुभाशीष देते हुए हुए कहा कि जिस तरह अभी मन लगाकर शिक्षाध्यन कर रही हो आगे भी इसी तरह पढ़ो और शिक्षकों और माता पिता का नाम रोशन करो। कम्प्यूटर शिक्षा में छात्रों को पारंगत करने वाली तृप्ति तिवारी ने दोनों छात्राओं को पैन गिफ्ट किए। कार्यक्रम को शिक्षक गोपालदास अहिरवार ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर एसएमसी अध्यक्ष लालूप्रसाद लोधी समूह अध्यक्ष गंगा सैन, रसोईया ओमबती कुशवाह, छात्र छात्राएं मौजूद थीं।

### खेल, अध्यात्मिक अभ्यास एवं सामाजिक रीति-रिवाज के समावेशी आयाम

# कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय वेबिनार संपन्न




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रायोजित महाविद्यालय में क्रीड़ा विभाग एवं समाजशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में यह राष्ट्रीय वेबिनार स्वास्थ्य प्रबंधन में योग, खेल, आध्यात्मिक अभ्यास एवं सामाजिक रीति-रिवाज के समावेशी आयाम विषय पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन-वंदन से हुआ। वेबीनार में मुख्य अतिथि के रूप में पद्मश्री डॉ. एचआर नागेंद्र गुरुजी स्वामी विवेकानंद योग अनुसंधान संस्थान के संस्थापक रहे। वेबीनार में मुख्य संरक्षक के रूप में क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक डॉक्टर मथुरा प्रसाद, संरक्षक अग्रणी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर बीडी अहिरवार, अतिथि प्रीति रानी श्रीवास्तव एवं संरक्षण प्राचार्य डॉ. अनामिका प्रजापति एवं संपूर्ण देशभर से व्याख्याता, प्रतिभागी व अन्य लोग उपस्थित रहे। वेबीनार में प्रथम सत्र की मुख्य वक्ता के रूप में शिक्षाविद प्रोफेसर राजीव चौधरी रायपुर शारीरिक शिक्षा ने अपने वक्तव्य में योग के विविध आयामों को स्पष्ट करते हुये बताया कि योग जीवन का विज्ञान है, जो मानव का सर्वांगीण विकास करते हुये मोक्ष की ओर ले जाता है और योग के संबंध में हुये अनुसंधान वैश्विक जगत के कल्याण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

इसी क्रम में द्वितीय सत्र की वक्ता डॉ. अंजलि मोहन को डोपी सहायक प्राध्यापक राजनांदगाव मानवशास्त्र ने अपने वक्तव्य में सामाजिक रीति-रिवाज का स्वास्थ्य पर प्रभाव के विविध पक्षों और वैज्ञानिक आयामों को स्पष्ट करते हुए बताया गया कि स्वास्थ्य प्रबंधन मे इनकी महत्वपूर्ण भूमिका है।रीति-रिवाज एवं परम्परायें मानव को स्वस्थ रखकर, समाज से जुड़ाव पैदा कर कर्तव्य बोध, नैतिकता एवं मानसिक स्वास्थ्य को प्रोत्साहित करती है।

वेबिनार में स्वास्थ्य के विविध आयामों पर शिक्षाविदों एवं शोधार्थी द्वारा शोध पत्रों का प्रस्तुतीकरण भी किया गया। वेबीनार का संचालन कार्यक्रम की प्रभारी डॉक्टर प्रद्न्या करंदीकर द्वारा एंव अतिथियों, वक्ताओं का स्वागत प्राचार्य डॉ. अनामिका प्रजापति तथा परिचय अनुराग जैन द्वारा दिया गया। आभार प्रदर्शन डॉ. खुमेश सिंह ठाकुर सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्रायें उपस्थित रहीं।

### नपा अध्यक्ष ने की निकाय के कार्यों की समीक्षा

**गंजबासौदा।** नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव एवं सीएमओ द्वारा निकाय में चल रही समस्त योजनाओं एवं कार्यों की प्रगति के संबंध में समीक्षा बैठक ली गई। इस मौके पर शाखा प्रभारियों को जनकल्याणकारी योजनाओं को समयसीमा में पूर्ण करने और हितग्राहियों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो इसका विशेष ध्यान रखने को कहा गया। बैठक में निकाय में पदस्थ उपयंत्रियों नरेन्द्र सिंह चौहान, मोहिनी कोरी को प्रधानमंत्री आवास योजना एवं निर्माण कार्यों के संबंध में निर्देशित किया गया। वहीं राजस्व अमले को शत प्रतिशत वसूली करने एवं शासन निर्देश अनुसार वार्ड प्रभारियों को समग्र केवायसी पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। समीक्षा बैठक में निकाय के समस्त शाखा प्रभारी एवं वार्ड प्रभारी उपस्थित थे।

## मानसिक स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शासन के आदेशानुसार एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार के मार्गदर्शन में तथा भारतीय ज्ञान परंपरा के प्रभारी सहायक प्राध्यापक घनश्याम चौकसे के नेतृत्व में महाविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य पर व्याख्यान, परिचर्या एवं परामर्श का आयोजन किया गया। शिविर में शासकीय राजीव गांधी जन चिकित्सालय के डॉक्टर अफसाना मंसूरी एवं कर्मचारी कपिलकांत जैन उपस्थित रहे।



उन्होंने महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। उन्होंने टीनएज में उत्पन्न होने वाली मानसिक समस्याओं के समाधान हेतु महत्वपूर्ण सुझाव दिए। साथ ही एंजायटी एवं तनाव से कैसे छुटकारा पाया जाए तथा इनका कैसे समाधान किया जाए। इस पर उन्होंने अपने महत्वपूर्ण विचार छात्र-छात्राओं के साथ साझा किये। डॉक्टर अफसाना मंसूरी ने छात्रों को मानसिक तनाव से उत्पन्न तनाव के समाधान हेतु महत्वपूर्ण सुझाव दिए। कपिलकांत जैन द्वारा छात्र, छात्राओं को परीक्षा एवं शारीरिक, मानसिक व अन्य सामाजिक समस्याओं से उत्पन्न होने वाले तनाव से मुक्ति के उपाय बताएं। साथ ही दोनों विषय विशेषज्ञ ने छात्र-छात्राओं द्वारा पूछे गए प्रश्नों का बहुत अच्छे से जवाब देकर विद्यार्थियों को संतुष्ट किया। इस व्याख्यान में महाविद्यालय के लगभग 130 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। महाविद्यालय के डॉक्टर बिंदेश शुक्ला, डॉक्टर पवन जैन, डॉक्टर विकास, डॉक्टर बीके प्रजापति, डॉक्टर विजय शाक्य ,डॉक्टर रेखा जांसल, डॉक्टर सबिहा मंसूरी, डॉक्टर मोनिता नेमा ,डॉक्टर हरिनारायण विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे।

मंच संचालन डॉक्टर सुनील पाटीदार ने किया। कार्यक्रम में एनएसएस इकाई के स्वयंसेवक शिवराज परिहार, भूमि रघुवंशी, अंजलि झा आदि ने भागीदारी की। अंत में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के प्रभारी घनश्याम चौकसे द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

**खबर संक्षेप**

### सैनिक सम्मेलन 15 अक्टूबर को

**सागर।** 15 अक्टूबर को पूर्वान्ह 11 बजे जिला सैनिक कल्याण कार्यालय सागर में सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जिसमें पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी दी जायेगी।

### सुपर सीडर से होगा नरवाई प्रबंधन, जिले में किसान आ रहे आगे

**सागर।** अब जिले में वायु प्रदूषण नहीं होगा अत्याधुनिक मशीन सुपर सीडर से नरवाई प्रबंधन किया जाकर वायु प्रदूषण रोकने की प्रबंध किए जाएंगे, कलेक्टर की अपील के बाद जिले में लगातार किसान भाई आगे आ रहे है। कलेक्टर संदीप जी. आर. के निर्देशों का जिले में सकारात्मक प्रभाव देखने को मिल रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में किसान भाइयों ने भी अपने खेतों में नरवाई न जलाने का संकल्प लिया है। नरवाई प्रबंधन के लिए कृषक हैप्पी सीडर व सुपर सीडर जैसी आधुनिक मशीनों का उपयोग कर रहे हैं, जिससे खेतों की उपज क्षमता भी बनी रहेगी। कलेक्टर संदीप जी. आर. के निर्देशों के अनुपालन में, क्षेत्र के कृषक द्वारा सुपर सीडर मशीन क्रय करने पर उन्हें शॉल व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। ताकि कृषक बंधु प्रेरित होकर इस मशीन का उपयोग करें पराली की समस्या से निजात पा सके। कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश पर एसडीएम गगन बिसेन द्वारा ग्राम पटना बाबा, पंचायत मेढकी, विकासखंड केसली निवासी किसान रामसिंह कुर्मी, पिता कन्हैयालाल कुर्मी, को सुपर सीडर मशीन हेतु कुल 2,53,000 की लागत में से 1,20,000 की अनुदान राशि प्रदान की गई, जबकि कृषक अंश 1,33,000 रहा। एसडीएम गगन बिसेन ने बताया कि केसली विकासखंड के अन्य 5 कृषक भी निकट भविष्य में यह मशीन क्रय करेंगे।

### ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की सरल प्रक्रिया

**सागर।** आम नागरिकों को ज्यादा से ज्यादा सुविधाएँ प्रदान करने की दृष्टि से ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया को और अधिक सरल किया गया है। अब कोई भी आवेदक लर्निंग लाइसेंस, नवीन ड्राइविंग लाइसेंस के आवेदन, नवीनीकरण अथवा ड्राइविंग लाइसेंस में अन्य श्रेणी के आवेदन के साथ रजिस्टर्ड चिकित्सक द्वारा पोर्टल पर ऑनलाइन फॉर्म 1ए में मेडिकल सर्टिफिकेट जारी कर सकेंगे। उल्लेखनीय है कि 1 अप्रैल 2021 के पूर्व उक्त मेडिकल सर्टिफिकेट मैनुअल तरीके से जारी किए जाने का प्रावधान था। मेडिकल काउंसिल में रजिस्टर्ड चिकित्सक पोर्टल पर ऑनलाइन फॉर्म 1ए में मेडिकल सर्टिफिकेट जारी कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें एनआईसी के सारथी पोर्टल पर पंजीयन कराना आवश्यक है।

### जल प्रदाय न करने पर राशि में कटौती

**विदिशा।** सगड़ हिनोतिया माली समूह जलप्रदाय योजना में आंशिक संचालन एवं संधारण कार्य के तहत 109 गांव में जल प्रदाय किया जाना है। मैसर्स सिनर्जी इंजीनियरिंग द्वारा परीक्षण उपरांत अवगत कराया गया है कि याजनांतर्गत ग्राम हिरापुर एवं ग्राम की बसाहट नटपुरा में माह मई एवं जून में जल प्रदाय नहीं किया गया है। माह जुलाई, अगस्त और सितंबर में निम्न दबाव से जल प्रदाय किया गया है। प्रोजेक्टर मैनेजर ऑफशोर इंफ्रास्ट्रकचर्स लिमिटेड भोपाल को पत्र जारी कर देयक से 36 हजार 543 रुपए की कटौती करने के सूचना दी गई है।

**महापौर, निगमायुक्त व एमआईसी सदस्यों की उपस्थिति में कर्मचारी संघों की मांगों के संबंध में हुई बैठक**

# महापौर ने दीपावली के पूर्व वेतन करने की घोषणा की अन्य मांगों को पूरा करने के लिए की जाएगी कारवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



नगर निगम कर्मचारी संघों द्वारा महापौर संगीता सुशील तिवारी को ज्ञापन सौंपकर दीपावली पर्व के पूर्व वेतन एवं बकाया एरियस का भुगतान करने, पदोन्नति करने, शासन आदेश दिनांक से गृह भाड़ा देने, पूर्व में हड़ताल के दौरान काटे गए 7 दिवस का वेतन सहित विभिन्न मांगों को पूर्ण करने की मांग की थी जिसे महापौर ने गंभीरता से लेते हुए शुक्रवार को एमआईसी सदस्यों एवं निगमायुक्त राजकुमार खत्री की उपस्थिति में बैठक कर सभी कर्मचारी संघों के पदाधिकारियों के साथ चर्चा कर 5 करोड़ रुपए का ऋण लेकर दीपावली के पूर्व वेतन देने की घोषणा की, जिस पर कर्मचारी संघों ने महापौर संगीता सुशील तिवारी का आभार व्यक्त किया।

एम आई सी सदस्य शैलेन्द्र ठाकुर ने कहा कि कर्मचारी संघों द्वारा माननीय महापौर को विभिन्न मांगों के संबंध में जो ज्ञापन दिया गया है उन मांगों को पूर्ण करने हेतु महापौर एवं आयुक्त द्वारा सहानुभूति पूर्वक विचार किया जा रहा है। कर्मचारी भी अपने कर्तव्यों को ईमानदारी से निभाएं, बकाया वसूली के लिए अधिक परिश्रम करें।

बैठक में पार्षद प्रतिनिधि नरेश यादव ने कहा कि सभी को मालूम है कि नगर निगम आर्थिक स्थिति से गुजर रहा है इस कारण आपको वेतन के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। यह पूरी परिषद आपकी समस्याओं का निराकरण करने के लिए हमेशा आपके साथ है पूर्व की परिषदों ने भी आपकी समस्याओं का निराकरण किया है हम लोग बकाया राशि की वसूली करने के लिए प्रयासरत है इसलिए सभी लोग बकाया वसूली को मेहनत के साथ करवाएं जो शासन स्तर की मांग है उसे शासन को भेजेंगे।

नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने कहा कि सभी कर्मचारी निगम परिवार के सदस्य हैं वेतन देना नैतिक दायित्व है, शहर का विकास हो रहा है निगम पर बिजली, स्थापना, डीजल सबसे बड़े खर्च हैं। स्मार्ट सिटी, सीवर एवं टाटा प्रोजेक्ट आने के बाद बिजली का बिल बढ़ने लगा है। निगमायुक्त ने कहा कि हम बकाया वसूली करने का प्रयास कर रहे हैं, रेलवे, नगरपालिका मकरोनिया सहित सभी बकायादारों से राशि लेने की कार्रवाई की जा रही है। कर्मचारियों से क्या काम लेना है यह सुनिश्चित करना होगा। वसूली कर लेंगे तो ऋण नहीं लेना पड़ेगा। निगमायुक्त ने कर्मचारी संघों से कहा कि जो कर्मचारी काम नहीं कर रहे हैं उनकी सूची दे दें जिससे उन्हें वसूली के कार्य में लगाया जा सके ।

महापौर संगीता सुशील तिवारी ने कहा कि कर्मचारी संघों के प्रतिनिधियों से सौहार्दपूर्ण चर्चा हुई है हम सभी नगर निगम परिवार के सदस्य हैं। दीपावली पर्व आने वाला है सभी कर्मचारी दीपावली का त्यौहार अच्छे से मना सके इसके लिए कर्मचारियों को वेतन देने के लिए 5 करोड़ रुपए का ऋण लेने की स्वीकृति प्रदान करती हूं जिसे बाद में बकाया वसूली की राशि आने के बाद चुकता कर दिया जाएगा।

महापौर प्रतिनिधि डॉक्टर सुशील तिवारी ने कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण करना एवं उन्हें वेतन देना हमारा नैतिक दायित्व है पूरी परिषद कर्मचारियों के साथ हैं जो समस्याएं हैं उनका निराकरण किया जाएगा। महापौर द्वारा वेतन एवं अन्य मांगों को पूर्ण करने की घोषणा करने पर कर्मचारी संघों ने आभार व्यक्त किया। बैठक में एमआईसी सदस्य विनोद तिवारी, शैलेंद्र ठाकुर, अनूप उर्मिल, धर्मेंद्र खटीक, राजकुमार पटेल, संगीता शैलेष जैन, रूपेश यादव,पार्षद प्रतिनिधि नरेश यादव, कंचन सोमश जड़िया, कर्मचारी संघ के प्रांतीय सचिव राजेश सिंह राजपूत, कर्मचारी कल्याण मोर्चा के अध्यक्ष हरेंद्र खटीक, आनंद मंगल गुरु मनोज चैबे, वर्षा समद, सफाई कामगार यूनियन अध्यक्ष सुदेश सनकत, महेश करोसिया, भोला करोसिया, सुदामा मछंदर, विजय महावत, दशरथ महावत, कर्मचारी उपस्थित थे ।



### हितग्राहियों को अंत्येष्टि सहायता राशि प्रदान की

**गढाकोटा।** नगर पालिका परिषद सभागार में शुक्रवार को मुख्यमंत्री अंत्येष्टि सहायता योजना के अंतर्गत मृतकों के परिजनों के पात्र हितग्राहियों को 5-5 हजार रुपए की नगद राशि भाजपा नेता अभिषेक भार्गव एवं नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी और पार्षदों ने प्रदान की। हितग्राही परिजन जिनमें उमेश यादव, चंपा बाई राठौर, मीरा काछी, जागेश्वरी सिलावट, गोविंद प्रजापति, अफसर बहना, राजेंद्र अहिरवार, आशा रानी पटेल, ललिता बसोर, रामरानी कोरी, अनीता बाई रैकवार, आसाराम रैकवार, देवी रैकवार, सोमती प्रजापति, एवं कमलेश रजक, शामिल हैं। अंत्येष्टि सहायता योजना से 15 पात्र मृतकों के परिजनों को 5 -5 हजार रूपए की नगद राशि देते हुए कुल 75 हजार रुपए की नगद राशि एवं योजना के तहत माह अगस्त एवं सितंबर में स्वीकृत 50 पात्र हितग्राहियों को वृध्दा अवस्था, विधवा एवं निःशक्तजन पेंशन के तहत पेंशन स्वीकृति पत्र का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अभिषेक भार्गव एवं नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी ने कहा कि हम प्रत्येक पात्र परिवार को शासन की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए सदैव संकल्पित है। इस अवसर पर समस्त पात्र हितग्राहियों के साथ उनके परिवारजन, मुख्य न. पा. अधिकारी धनंजय गुमास्ता एवं सभी पार्षद गण सहित न.पा. अधिकारी कर्मचारियों शाखा प्रभारी मनोज कोरी समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### छोटे किसानों को प्राथमिकता से खाद उपलब्ध कराएं, निजी खाद दुकानदार डबल लाक से करें खाद का वितरण : कलेक्टर

**सागर।** जिले में आज शांतिपूर्ण रूप से किया जा रहा है खाद उर्वरक का वितरण एवं छोटे किसानों को प्राथमिकता से खाद उपलब्ध कराए, निजी खाद दुकानदार डबल लाक से खाद का वितरण करे। उक्त निर्देश कलेक्टर संदीप जी आर ने दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिए की खाद उर्वरक के वितरण में किसी भी प्रकार की कानून व्यवस्था नहीं बिगाड़ना चाहिए उन्होंने कहा कि सबसे पहले छोटे किसानदार भाइयों को खाद उर्वरक प्राथमिकता के साथ उपलब्ध कराए जिससे उनकी आवश्यकता को पूरा किया जा सके। उन्होंने कहा कि किसान भाइयों को एनपीके की उपयोगिता के संबंध में विस्तार से जानकारी दें उन्होंने कहा कि डीएपी के साथ-साथ एनपीके अनिवार्य रूप से वितरित करें। उन्होंने कहा कि सभी खाद वितरण केन्द्रों पर प्रात 6 बजे से खाद वितरण का कार्य किया जाए ।

### आयुष्मान कार्ड से निजी अस्पतालों में मुफ्त इलाज

**सागर।** राज्य शासन द्वारा प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना संचालित की जा रहीं है। जन आरोग्य योजना का लाभ लेकर अनेक लोग अब निजी अस्पतालों में अपना मुफ्त इलाज करा रहे है। पैसों के अभाव में निजी अस्पतालों में अपना इलाज नही करा पाने वाले हितग्राहियों के लिए आयुष्मान कार्ड वरदान साबित हुआ है। आयुष्मान कार्ड से लोगो को निजी अस्पतालों में भी अपना 5 लाख तक का मुफ्त इलाज कराने की सुविधा मिल रही है। आयुष्मान कार्ड भविष्य में किसी भी प्रकार की बीमारी या दुर्घटना होने पर मददगार होता हे। आयुष्मान कार्ड से वे निजी अस्पताल में भी अपना 5 लाख तक का मुफ्त इलाज करा सकते है।



### परशुराम कल्याण बोर्ड ने पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह व महापौर संगीता तिवारी का सम्मान किया

**सागर।** सिविल लाइंस वार्ड का नाम भगवान परशुराम के नाम करने तथा वार्ड में उनकी प्रतिमा स्थापना का प्रस्ताव सागर नगर निगम परिषद व महापौर संगीता सुशील तिवारी द्वारा सर्वसम्मति से पास किए जाने पर परशुराम कल्याण बोर्ड के जिला प्रभारी मधुसूदन खेमरिया के नेतृत्व में पूरी जिला कार्यकारिणी ने पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह का सम्मान कर आभार व्यक्त किया। पूर्व गृहमंत्री सिंह ने सागर कार्यालय स्थित मीटिंग हाल में आयोजित सादे समारोह में उपस्थित परशुराम कल्याण बोर्ड के विप्र बंधुओं, एमआईसी सदस्यों व पार्षदों को संबोधित करते हुए कहा कि अंग्रेजी शासनकाल में अंग्रेजों ने अपनी भाषा और संस्कृति के अनुरूप सिविल लाइन नाम रखा था जिस नाम का अब कोई औचित्य नहीं है। इस वार्ड का नाम भारतीय सनातन संस्कृति व इतिहास के महान् चरित्र भगवान श्री परशुराम के नाम पर किए जाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित करने के लिए मैं निगम परिषद व महापौर संगीता तिवारी का आभार व्यक्त करता हूं। पूर्व गृहमंत्री सिंह ने कहा कि यह आश्चर्य की बात है कि वार्ड पार्षद ,एमआईसी व नगरनिगम परिषद की सहमति से प्रस्ताव पारित होने के बाद निर्णय बाद उसी विषय पर कोई कमेटी बनाई जाए। निगम परिषद अंतिम निर्णायक बाडी है उसके निर्णय को किसी कमेटी में भेजने कोई कोई नियम या प्रावधान नहीं है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के गौरव वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापना व सिटी स्टेडियम के नामकरण का प्रस्ताव भी नगर निगम परिषद में बहुमत से पारित होने के बाद उस पर समिति बनाना अनुचित है। पूर्व मंत्री सिंह ने कहा कि मेरा आग्रह है कि निगम परिषद की कार्रवाई के अनुरूप आदेश जारी हों तथा शीघ्रता से वार्ड के नाम सहित भगवान परशुराम की प्रतिमा स्थापित हो। भारतीय धर्म संस्कृति के हमारे आराध्य महापुरुषों की प्रतिमा व मंदिरों की स्थापना से भारतीय संस्कृति सशक्त होती है। कार्यक्रम में परशुराम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष मधुसूदन खेमरिया सहित सभी कार्यकारिणी पदाधिकारियों, सदस्यों ने पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक श्री भूपेन्द्र सिंह तथा महापौर श्रीमती संगीता तिवारी का सम्मान व अभिनंदन किया। कार्यक्रम का संचालन एमआईसी सदस्य शैलेन्द्र ठाकुर ने किया। कार्यक्रम में महापौर श्रीमती संगीता तिवारी, डा सुशील तिवारी, एमआईसी सदस्य राजकुमार पटेल, संगीता शैलेष जैन, श्रीमती कंचन सोमेश जड़िया, सह जिला प्रभारी राजेश पाराशर, जिला मातृशक्ति प्रमुख प्रतिज्ञा सिलाकारी ,जिला प्रशासनिक प्रमुख अर्चना तिवारी सहित परशुराम कल्याण बोर्ड सागर की पूरी टीम उपस्थित रही।



### युवा भारत के सपनों के प्रतिनिधि हैं: युवा भाजपा नेता अविराज सिंह

सागर। युवावस्था किसी भी देश की सबसे बड़ी पूंजी होती है। यही वह आयु है, जब युवाओं के अंदर जोश, ऊर्जा, कल्पनाशक्ति होती है। इसलिए यह कहना उचित होगा कि आज के युवा कल के नेता हैं। यह उद्गार आचार्य बिनोवा भावे वार्ड निर्तला तथा शासकीय.उ.मा. विद्यालय में आयोजित आत्मनिर्भर भारत युवा संगोष्ठी में युवा नेता अविराज सिंह ने व्यक्त किए। अपने संबोधन में अविराज सिंह ने कहा कि आज पूरा विश्व भारत की ओर देख रहा है। इसका कारण है कि भारत के पास विश्व में सबसे अधिक युवा शक्ति है। विश्व में सबसे ज्यादा, प्रतिभाशाली युवा भारत के पास हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी कहा है कि युवा भारत के सपनों के प्रतिनिधि हैं। युवा वह होते हैं, जिनमें कुछ नया सोचने की कला होती है। स्वामी विवेकानंद जी ने संदेश दिया कि केवल 100 युवा देश को आगे बढ़ा सकते हैं। अविराज सिंह ने कहा कि आज पूरा विश्व चाहता है कि भारत के युवा उनके यहां आयें और काम करें। जो बातो के बादशाह नहीं हैं, जो कर के दिखाते हैं, वह

### शहर कांग्रेस का हस्ताक्षर अभियान संपन्न

**सागर।** जिला शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में आज सागर शहर की तुलसी नगर और सुभाष नगर वार्डों में वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के तहत जनता जनार्दन से हस्ताक्षर लिए गए ज्ञात हो कि यह हस्ताक्षर भारत के महामहिम राष्ट्रपति को कांग्रेस के नेता राहुल गांधी एवं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नेतृत्व में सोपे जाएंगे। आज हस्ताक्षर अभियान में प्रमुख रूप से शहर विधानसभा के प्रभारी से जितेंद्र जैन क्रांतिकारी शामिल हुए इस अवसर पर उन्होंने कहा की लोगों को अपने वोट के अधिकार को पहचानना चाहिए भाजपा सरकार में वोट चोरी हो रहे हैं। अपने बोट की रक्षा हमें स्वयं करनी होगी। जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा कि कांग्रेस भाजपा की वोट चोरी का पर्दाफाश कर रही है, सभी वोटर अपने पोलिंग बूथ पर जाकर अपने परिवार की वोट चेक करें। हस्ताक्षर अभियान में प्रमुख रूप सें रामकुमार पचौरी हीरालाल चौधरी, सिंटू कटारे, वीरेंद्र राजे, पूर्व पार्षद भैयन पटेल, आनंद हेला, अजय सिंह राजपूत, धर्मेंद्र चौधरी, मयंक ठक्कर, शरद पुरोहित, निलेश अहिरवार, सुधीर जैन, साजिद राइन, गोविंद अहिरवार, सोनू यादव, पन्नालाल अहिरवार, टीकाराम दीवान, केसर भाई, जनक रानी आदि लोग मौजूद थे।

### मंशा देवी मंदिर समिति का गठन किया गया

**कुरवाई।** मां मंशा देवी मंदिर परिसर में सभी सदस्यों की सर्वसम्मति से समिति का गठन किया गया। नवगठित समिति में अध्यक्ष रमेश साहू, उपाध्यक्ष मुकेश विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष रंजीत पंथी, सचिव देशराज विश्वकर्मा को नियुक्त किया गया। वहीं सह-सचिव के रूप में संजय पटवा और सोनू लोधी को दायित्व सौंपा गया एवं महिला मंडल का गठन किया गया जिसमें महिला अध्यक्ष शारदा पंथी, उपाध्यक्ष अनीता विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष गीता पंथी, सचिव ओमवती विश्वकर्मा, सह सचिव ज्योति पंथी को बनाया गया है।

### छात्रों ने रिसर्च टॉपिक पर की कड़ी मेहनत



**विदिशा।** साईं पैरामेडिकल कॉलेज में बीएलएलटी फाइनल इयर के छात्र-छात्राओं द्वारा रिसर्च प्रोजेक्ट पर कार्य किया गया। जिसमें सभी छात्रों ने दिए हुए रिसर्च टॉपिक पर कड़ी मेहनत की। अपने रिसर्च प्रोजेक्ट को गाइड की सहायता से तैयार किया। इसके पश्चात सभी छात्रों ने अपनी थीसिस बनवाकर कॉलेज में जमा कर अपना रिसर्च प्रोजेक्ट का कार्य पूर्ण किया।

## कार्यशाला में हर घर स्वदेशी आत्मनिर्भर भारत पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



भाजपा जिला कार्यालय में चारों मंडलों दुर्गा नगर, बेस नगर, वेत्रवती नगर एवं ढोलखेड़ी नगर की संयुक्त कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर भाजपा विधायक मुकेश टंडन ने कार्यकर्ताओं को प्रेरित करते हुए कहा कि स्वदेशी उत्पादों का उपयोग कर और लोकल उद्यमों को बढ़ावा देकर प्रत्येक कार्यकर्ता आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान दे सकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भर भारत की दिशा में तेजी से अग्रसर है और प्रत्येक कार्यकर्ता का दायित्व है कि वह अपने बूथ स्तर तक इस संकल्प को क्रियान्वित करे। कार्यशाला में भाजपा जिला महामंत्री मुकेश तिवारी, जिला मंत्री संतोष शर्मा, वरिष्ठ नेता बाबूलाल ताम्रकार, रमन गोयल, भाजपा नेत्री मंजरी जैन, जिला उपाध्याय अरविंद श्रीवास्तव और चारों मंडलों के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह चौहान दुर्गा नगर, दिनेश कुशवाह बेस नगर, प्रशांत खत्री वेत्रवती नगर एवं अंकित दुबे ढोलखेड़ी नगर सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन बेस नगर मंडल के अध्यक्ष दिनेश कुशवाहा ने किया और आभार प्रदर्शन वेत्रवती नगर मंडल के अध्यक्ष प्रशांत खत्री ने किया। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्ण माहौल में भाग लिया और अंत में वोकल फॉर लोकल अपनाने का संकल्प लिया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने यह संकल्प लिया कि वे स्वदेशी उत्पादों के उपयोग और स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास करेंगे। कार्यशाला में उपस्थित लोगों ने आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान देने का संकल्प दोहराया और इसे अपने कार्यक्षेत्र में प्रचारित करने का निर्णय लिया। कार्यक्रम की जानकारी वेत्रवती मंडल के महामंत्री विकास भट्ट ने दी।

### तीन दिवसीय युवा उत्सव का शुभारंभ

**गढाकोटा।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,गढ़ाकोटा में तीन दिवसीय महाविद्यालय स्तरीय युवा उत्सव का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य सुश्री आकृति खरे द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को युवा उत्सव के महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों की सृजनात्मकता, प्रतिभा और आत्मविश्वास को निखारने का उत्कृष्ट माध्यम हैं तथा सभी विद्यार्थियों से पूरे उत्साह और समर्पण के साथ भाग लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. किशोरी सोनी ने कहा कि युवा उत्सव केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि यह विद्यार्थियों की प्रतिभा को पहचानने और उसे दिशा देने का एक सशक्त मंच है। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में टीम भावना, नेतृत्व क्षमता तथा आत्मविश्वास का विकास करते हैं। उन्होंने बताया कि तीन दिवसीय युवा उत्सव के अंतर्गत विभिन्न विधाओं में प्रतियोगिताएँ आयोजित की जा रही हैं, जिनमें महाविद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर मिलेगा। उत्सव के प्रथम दिवस पर रूपांकन विधा के अंतर्गत रंगोली, क्ले मॉडलिंग, पोस्टर मेकिंग, कार्टूनिंग, चित्रकला एवं कॉलेज विविध जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. विनोद बागड़े द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## वृद्धाश्रम में मनाया मेंटल हेल्थ एंड वेल बीइंग सेवा सप्ताह

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा




लायंस इंटरनेशनल के मेंटल हेल्थ एंड वेल बीइंग सेवा सप्ताह के अंतर्गत गुरुवार को लायंस क्लब विदिशा मेन एवं लायंस क्लब विदिशा संघमित्रा के संयुक्त तत्वावधान में श्री हरि वृद्धाश्रम में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ लायंस क्लब विदिशा मेन के अध्यक्ष लायन शाश्वत शर्मा ने मां सरस्वती एवं लायंस इंटरनेशनल के संस्थापक लायन सर मेलविन जॉन्स की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एडिशनल डिस्ट्रिक्ट कैबिनेट सेक्रेटरी पेरी फेरी एमजेएफ लायन राजकुमार सर्राफ प्रिंस, मेंटल हेल्थ कोऑर्डिनेटर लायन अभिलाषा बिंदल, विशिष्ट अतिथि जोन चेयरपर्सन एमजेएफ लायन डॉ. रवि साहू, जोन चेयरपर्सन लायन अनामिका पचौरी तथा वृद्धाश्रम संचालिका श्रीमती इंदिरा शर्मा उपस्थित रहीं। मुख्य वक्ता लायन डॉ. राहुल भट्ट ने बुजुर्गों से संवाद कर योग, ध्यान और सकारात्मक सोच के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य सुदृढ़ बनाए रखने के उपाय बताए। लायन शाश्वत शर्मा ने अपने संबोधन में चिंता, अवसाद और अकेलेपन जैसी समस्याओं पर चर्चा करते हुए बुजुर्गों के लिए सामाजिक जुड़ाव की आवश्यकता पर बल दिया। एमजेएफ लायन राजकुमार सर्राफ प्रिंस ने कहा कि 4 से 12 अक्टूबर तक चल रहे इस सेवा सप्ताह के माध्यम से लायंस इंटरनेशनल समाज में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैला रहा है।

कार्यक्रम का संचालन जोन चेयरपर्सन एमजेएफ लायन डॉ. रवि साहू ने किया। वक्ताओं में लायन मेहताब सिंह नरवरिया, लायन अभिलाषा बिंदल, लायन अनामिका पचौरी और मल्टीमीडिया प्रभारी लायन अरुण सोनी ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों का सम्मान किया गया तथा वृद्धाश्रम संचालिका इंदिरा शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर लायंस ऑफ विदिशा के आठ क्लबों के प्रतिनिधि एवं सदस्य मौजूद रहे।

## कफ सिरप मामले में गढ़ाकोटा में आक्रोश, कांग्रेस ने निकाला कैंडल मार्च, स्वास्थ्य मंत्री से इस्तीफे की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढाकोटा

मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा में कफ सिरप पीने से हुई 20 मासूम बच्चों की जान जाने बाद अब पूरे प्रदेश में गुस्से की लहर फैल गई है। सागर जिले के गढ़ाकोटा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस घटना के विरोध में मोमबत्तियां जलाकर आक्रोश जताया और प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री के इस्तीफे की मांग की। गढ़ाकोटा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में गुरुवार की शाम डॉ. भीमराव अंबेडकर चौक से कैंडल मार्च निकाला गया। हाथों में मोमबत्तियां और बैनर लिए सैकड़ों कार्यकर्ता "हत्यारी सरकार इस्तीफा दो" और "मासूमों को न्याय दो" के नारे लगाते हुए आगे बढ़े। कैंडल मार्च पुराना बस स्टैंड पहुंचकर संपन्न हुआ, जहां उपस्थित जनों ने दो मिनट का मौन रखकर मृत बच्चों को श्रद्धांजलि दी। माहौल बेहद भावुक था। कई कार्यकर्ताओं की आंखें नम हो गईं। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यह घटना सिर्फ एक हादसा नहीं बल्कि सरकारी लापरवाही का परिणाम है। उन्होंने मांग की कि स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल को तत्काल पद से हटाया जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। शेख मजीद खान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गढ़ाकोटा ने बताया कि 20 मासूमों की जान गई, और सरकार चुप है!

**पुराना ट्रेक्टर बेचना है**
2024 MODEL
JOHN DEERE 5210 4WD
MP-40-ZH-3924
इच्छुक व्यक्ति निम्न पते पर संपर्क करें।
सुन्दरम फाइनेंस लिमिटेड
साँची रोड़, विदिशा
मो.: 9425600144

## एमपीआरडीसी ने क्राप्ट सड़क कंपनी को दिया ठेका, दो साल में निर्माण कार्य होगा पूरा

# रायसेन-राहतगढ़ मार्ग का निर्माण शुरू, 10 मीटर सड़क चौड़ीकरण के साथ बनेंगे 14 पुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

भोपाल-सागर स्टेट हाईवे पर रायसेन से राहतगढ़ तक सड़क निर्माण कार्य शुरू हो गया है। इस मार्ग को अब 10 मीटर चौड़ा किया जाएगा। 184 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाला यह 80 किलोमीटर का हिस्सा दो साल में पूरा होने की उम्मीद है। इस सड़क निर्माण का ठेका एमपीआरडीसी द्वारा क्राप्ट सड़क कंपनी को दिया गया है।

रायसेन से राहतगढ़ तक की कुल दूरी 105 किलोमीटर है। इसमें से रायसेन, गैरतगंज और बेगमगंज की शहरी सीमा वाली सड़कें पहले ही बन चुकी हैं। बेगमगंज से राहतगढ़ के बीच 10 किलोमीटर क्षेत्र में मड़िया डेम के कारण चार फ्लाईओवर ब्रिज भी बनाए गए हैं। इस प्रकार, 25 किलोमीटर सड़क का काम पहले ही पूरा हो चुका है।

### नरवर में निर्माण का विरोध

सड़क निर्माण में भेदभाव को लेकर नरवर के ग्रामीजनों रामनारायण चौकसे, रसीद खान वगैरह ने कलेक्टर की जनसुनवाई में आवेदन देकर जांच की मांग उठाई है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क ठेकेदार द्वारा एक तरफ ज्यादा तो दूसरी तरफ कम जगह अधिग्रहित कर मनमानी की जा रही है। इस सड़क के निर्माण के लिए सड़क कंपनी द्वारा रोड़ निर्माण में बाधा बन रहे हजारों हरेभरे पेड़ों की कटाई शुरू हो गई है।

### फैक्ट फाइल

- 184 करोड़ रुपए की लागत से बनेगी यह 80 किलोमीटर लंबी सड़क
- सड़क निर्माण का ठेका एमपीआरडीसी द्वारा क्राप्ट सड़क कंपनी को दिया गया, कंपनी दो साल में निर्माण करेगी पूरा
- बेगमगंज से राहतगढ़ के बीच 10 किमी क्षेत्र में बनेंगे चार फ्लाई ओवर ब्रिज
- सड़क निर्माण कार्य में भेदभाव का आरोप लगाते हुए नरवर के ग्रामीणों ने विरोध जताते हुए जांच की उठाई मांग



### 14 छोटे पुल, 38 पुलियाओं का होगा निर्माण

सड़क परियोजना के तहत, मार्ग में पड़ने वाले 14 छोटे पुलों और 38 पुलियाओं का भी नए सिरे से निर्माण किया जाएगा। हादसों को कम करने के उद्देश्य से मार्ग में आने वाले सभी अंधे मोड़ों को भी खत्म किया जाएगा।

### इनका कहना है

रायसेन से राहतगढ़ तक सड़क का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। ठेका लेने वाली कंपनी को यह काम दो साल में पूर्ण करना है। गुणवत्ता पूर्ण काम करवाने के लिए समय-समय पर निर्माण कार्य की जांच और मूल्यांकन भी किया जाएगा।

- **राहुल कोरी,** एजीएम एमपीआरडीसी भोपाल

### 15 ऐसे अंधे मोड़ हैं, जहां अक्सर होती हैं दुर्घटनाएं

इनमें अमरावत घाटी, गढ़ी घाटी, किशनपुर, पलोहा, बीनापुर, कोलू घाट, बर्री की पुलिया, मड़िया, पारासरी और लालबाग जैसे स्थान शामिल हैं। इन अंधे मोड़ों पर सामने से आने वाले वाहन दिखाई नहीं देते, जिससे टक्करें होती हैं और कई लोग अपनी जान गवां चुके हैं। गैरतगंज गढ़ी, खंडेरा नरवर के पास, सड़क निर्माण कंपनी पुरानी डामर सड़क को तकनीकी मशीन से काटकर हटा रही है। यह तकनीक इस क्षेत्र में पहली बार इस्तेमाल की जा रही है। 24 स्थानों पर पाइप डालकर सड़क पर पानी निकासी भी कराई जाएगी। शहरी क्षेत्र वाले हिस्सों में आरसीसी कवर्ड नाला रहेगा, ताकि सड़क के किनारे पानी निकासी ठीक तरीके से होती रहे। यह सड़क 10 मीटर चौड़ी होगी। सड़क के दोनों तरफ शोल्डर भी बनाए जाएंगे।

# पुलिस ने पकड़ी अवैध शराब से भरी कार, एक गिरफ्तार

## दो आरोपी पुलिस को चकमा देकर हुए फरार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले के गांव कस्बों और किराना दुकानों में अवैध शराब का कारोबार धड़ल्ले से जारी है। बीती रात एक बार फिर कोतवाली पुलिस ने ग्राम सूरई में डिजायर कार में रखी अवैध शराब से भरी पेटियां जब्त करने में सफलता हासिल की है। कार्रवाई से शराब माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।

कोतवाली थाने के एएसआई अशोक गौर पुलिस कर्मियों के साथ मुखबिर से मिली सूचना पर ग्राम सूरई के समीप एक डिजायर कार क्रमांक एमपी 04 जेडबी 4683 के अंदर रखी पेटियों में 488 देशी मसाला शराब के क्वार्टर जब्त किए।

पुलिस वाहन को देखकर कार चालक भागने लगा, पुलिस ने घेराबंदी कर कार एवं शराब की पेटियां जब्त की। पुलिस ने तीनों आरोपी अभिषेक पाठक पिता कैलाश नारायण निवासी बम्होरी रोड़ देवनगर हाल निवासी संस्कार बिहार कॉलोनी रायसेन, गोलू अंडा, रमेश लोधी निवासी रायसेन के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत केस पंजीबद्ध किया। पुलिस द्वारा पकड़ी गई अवैध देशी शराब की कीमत 51 हजार 728 रुपए बताई जा रही है।

### आबकारी विभाग का अमला बना खामोश

आबकारी विभाग का काम इन दिनों पुलिस कर रही है। वहीं आबकारी विभाग का अमला अवैध शराब पकड़ने में निठल्ला साबित हो रहा है। 2 अक्टूबर गांधी जयंती पर मध्य प्रदेश सरकार के आदेश पर कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा के सख्त निर्देश पर ड्राय डे घोषित किया था, लेकिन इसके बावजूद सांची एवं सलामतपुर के शराब ठेकेदार पंकज उपाध्याय के कमीशन एजेंट और गुर्गे दिनभर शराब की पेटियां दुकानों के बाहर रखकर धड़ल्ले से बेचते नजर आए। क्षेत्रीय आबकारी निरीक्षक मुकेश कुमार श्रीवास्तव भी मीडिया को जानकारी देने से बचते नजर आए।

### पुलिस लिखी कार से हो रही शराब तस्करी

*सफेद रंग की डिजायर कार से शराब तस्कर लंबे समय से शराब की तस्करी कर रहे हैं। बताया जाता है कि यह अवैध शराब की तस्करी लंबे समय से की जा रही थी। सफेद रंग की कार में पुलिस की नेम प्लेट लगी हुई थी। यह देवनगर के शराब ठेकेदारों की शराब की कलारियों की बताई जाती है। यहां के शराब ठेकेदार लंबे समय से रायसेन की सीमा से लगे गांव में अवैध शराब की तस्करी कर रहे हैं। वह अपने एजेंटों को भेज कर गांवों शराब बिकवा रहे हैं।*

## करवा चौथ : चंद्रमा को अर्घ्य देकर छलनी में देखा पति का चेहरा, फिर खोला व्रत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष के चतुर्थी पर्व श्रद्धापूर्वक मना। अखंड सौभाग्य का पर्व करवा चौथ पर शुक्रवार को विवाहित महिलाओं ने निर्जला व्रत रख पति की लंबी उम्र की कामना की। रात को चंद्रमा दिखने पर अखंड सौभाग्यवती महिलाओं ने चांद को अर्घ्य देकर छलनी से पति का मुख देखकर व्रत खोला।



करवा चौथ पर्व पर शुक्रवार को महिलाओं द्वारा सामूहिक रूप से करवा चौथ की पूजन कर व्रत की कथा सुनी। वहीं बाजार में साड़ियां, चूड़ियां, मिठाई, सींक, करवा पात्र, चलनी, सौंदर्य, सोलह श्रंगार सामग्री आदि दुकानों पर खरीदी की रौनक नजर आई। शाम को चांद का दीदार करने के बाद पति के हाथ से व्रतधारी महिलाओं ने पानी पीकर व्रत खोला।

## सर्रा वेयर हाउस पर नहीं बने बिल, अन्य केंद्रों के किसानों का अटका हुआ है भुगतान

## मूंग खरीद के खर्चो की नहीं मिली राशि सह. संस्थाओं की आर्थिक हालत खराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

प्रतिवर्ष सहकारी संस्थाओं को समर्थन मूल्य पर गेहूं, मूंग खरीदने, वेयर हाउसों को केंद्र बनाकर उपज का भंडारण तो हो रहा है। वेयर हाउस मालिकों को पिछले वर्षो का किराया भुगतान न होने, सहकारी संस्थाओं को कमीशन खर्चो की राशि का भुगतान न होने से आर्थिक हालत खराब बने हुए है।

दो माह पूर्व क्षेत्र में ग्रीष्मकालीन मूंग की हजारों कु. खरीद की गई। खरीद के समय बारिश, बाढ़ और रास्तें बंद होने की प्राकृतिक आपदा से मूंग की खरीद तौल के दौरान अव्यवस्थाएं बनी रही।

सर्रा वेयर हाउस खरीदी केन्द्र के 37 किसानों के खरीदी पत्रक बिल न बनने से लगभग 1300 कु. मूंग का भुगतान अटका हुआ है। वहीं अन्य खरीदी केन्द्रों पर मूंग बैंचने वालें किसान भी अपने खातों में राशि आने का इंतजार कर रहे है।



समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीद, सह. संस्थाओं के माध्यम से नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा की जाती है। राज्य भंडार ग्रह निगम द्वारा वेयर हाउसों को किरायें पर लेकर गेंहू का लाखो कु. भंडारण किया जाता है। वही मूंग की समर्थन मूल्य पर खरीद विपणन संघ द्वारा की जाती है। सहकारी संस्थाओं को खरीदी की जिम्मेदारी और क्षेत्र के वेयर हाउसों में भंडारण किया जाता है।

खरीद, भंडारण के महिनों नहीं वर्षो बाद भी न तो खरीद का कमीशन और खर्चो की राशि का भुगतान सहकारी संस्थाओं एवं वेयर हाउस मालिकों को किराय राशि का भुगतान होने से जहॉ सहकारी संस्थाओं की आर्थिक स्थिति अतियंत दयनीय बनी हुई है।

### प्रतिवर्ष यही स्थिति

दो माह बाद भी न तो पूरी तरह किसानों को समर्थन मूल्य पर खरीदी गई मूंग का भुगतान हुआ और न ही सहकारी संस्थाओं को कमीशन, हम्माली अन्य खर्चो का भुगतान हुआ है। समर्थन मूल्य पर धान बैंचने किसानों का पंजीयन 10 अक्टूबर को आखिरी था। आने वाले दिनों में समर्थन मूल्य पर धान की खरीद होगी, सवाल यह है कि बिना हम्माली कमीशन, अन्य खर्चो को दिए कब तक सह. संस्थाएं खरीद करेगी, बिना भुगतान कब तक वेयर हाउस मालिक भंडारण करते रहेंगे।

## अभाविप ने संगठन मंत्री से अभद्रता करने पर टोल नाके पर किया विरोध प्रदर्शन

**हरिभूमि न्यूज, रायसेन।** जिला मुख्यालय से 25 किमी दूर भोपाल रोड स्थित सेहतगंज टोल नाके पर गुरुवार देर रात अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने टोल टैक्स कर्मी द्वारा संगठन मंत्री के साथ अभद्र व्यवहार के विरोध में धरना दिया, जिससे करीब आधे घंटे तक वाहनों का आवागमन बाधित रहा। एबीवीपी का आरोप है कि टोल टैक्स कर्मचारी अवैध वसूली करते हैं और वाहन चालकों से दुर्व्यवहार करते हैं। सूचना मिलने पर कार्रवाई चौकी प्रभारी नागेंद्र सिंह भी मौके पर पहुंचे उनके द्वारा कार्यकर्ताओं को समझाइए दी गई। इसके बाद टोल मैनेजर ने पहुंचकर माफी मांगी तब जाकर मामला शांत हुआ।

## पीएम धन धान्य कृषि योजना व दलहन आत्मनिर्भर मिशन का आज होगा शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली से प्राप्त निर्देशानुसार 11 अक्टूबर को राष्ट्रीय कृषि विज्ञान परिसर, पूसा, नई दिल्ली से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पीएम धन धान्य कृषि योजना व दलहन आत्मनिर्भर मिशन कार्यक्रम का शुभारम्भ किया जा रहा है। इस अवसर पर कार्यक्रम का जिला, विकासखंड एवं ग्राम पंचायत स्तर पर तथा कृषि विज्ञान केन्द्र नकतरा में कार्यक्रम आयोजित कर किसानों को इसका सीधा प्रसारण दिखाया जाएगा।

कृषि विज्ञान केंद्र में सुबह 11 बजे से जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में किसानों को वर्तमान में धान में लगने वाले कीट व रोगों की जानकारी, आगामी रबी फसल की तैयारी, संतुलित मात्रा में उर्वरको का उपयोग, जैविक व प्राकृतिक खेती की जानकारी भी दी जाएगी।

### वर्तमान परिदृष्य पर हुए व्याख्यान

## शासकीय महाविद्यालय में हुआ एक दिवसीय बेविनार कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एक दिवसीय बेवीनार का आयोजन हुआ। जिसमें उच्च शिक्षा के प्रसार में ई-कन्टेंट की उपयोगिता वर्तमान परिदृष्य विषय पर विभिन्न स्थानों से आए वक्ताओं ने विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक डॉ. मथुरा प्रसाद अतिरिक्त संचालक नर्मदापुरम भोपाल, संरक्षक डॉ. नीरज दुबे प्राचार्य शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बरेली एवं मुख्य वक्ता डॉ. सोमेश विश्वकर्मा, डिप्टी लायब्रेरियन, दिल्ली विश्वविद्यालय दिल्ली, संतोष गुप्ता सहायक प्राध्यापक, यूनिवर्सिटी ऑफ राजस्थान जयपुर ने डिजीटल पुस्तकालय ई-कन्टेंट पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। जिससे शैक्षणिक-गैर शैक्षणिक स्टाफ एवं विधार्थियों ने ज्ञान अर्जित किया।




बेवीनार के संयोजक अखिलेश खटीक तोमर ग्रंथपाल एवं सह संयोजक डॉ. सुनील सिंह चौहान विभागध्यक्ष भौतिक शास्त्र रहे। प्राचार्य डॉ. नीरज दुबे द्वारा बेवीनार के सफल आयोजन पर मुख्य वक्ता का आभार व्यक्त किया। बेवीनार में महाविद्यालय परिवार के समस्त कर्मचारी एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

## रायसेन खंड के सांचेत में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के स्वयं सेवकों ने निकाला पथ संचलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

रायसेन खंड के ग्राम सांचेत में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के स्वयं सेवकों ने शुक्रवार को पथ संचलन निकाला। पथ संचलन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लोग हाथों में लाठियां लेकर फुल ड्रेस में जयघोष करते हुए अनुशासन बद्ध तरीके से शामिल हुए।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रांत संगठन मंत्री विद्या भारती निखिलेश माहेश्वरी ने उपस्थित स्वयंसेवकों को संबोधित किया। सांचेत मंडल में जब से संघ का कार्य आरंभ हुआ है ।तब से अभी तक का सर्वाधिक संख्या वाला पथ संचलन ऐतिहासिक रहा। मुख्य अतिथि छोटे लाल खत्री एवं सह जिला कार्यवाह महेश मेहर मंच पर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। सांचेत में स्वयंसेवकों की लंबी कतार का स्वागत चौक चौराहा पर किया।वहीं सांची खंड के गुलगांव मंडल में पथ संचलन निकाला गया।



कार्यक्रम में मुख्य वक्ता अतुल कृष्ण दुबे ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा बताए हुए मार्ग पर चलने एवं इसी मार्ग से हम परम वैभव पर भारत माता को ले जाएंगे। संघ का कार्य राष्ट्र की सच्ची सेवा है और हमारा लक्ष्य भारत माता की जय है। संघ को कार्य करते हुए 100 वर्ष हो गए हैं।

इस शताब्दी वर्ष में संघ ने पांच परिवर्तन का विषय समाज में स्वयंसेवकों को जीवन में लाने के लिए आग्रह किया है स्वयंसेवक के जीवन दर्शन से समाज का मार्ग प्रशस्त होता है समाज परिवर्तन से ही राष्ट्र परम वैभव पर पहुंचने वाला है। उद्बोधन के पश्चात सैकड़ो की संख्या में स्वयं सेवक गुडलगांव की सड़कों पर कदमताल करते निकले यहां पर हिंदू समाज जनों ने पुष्प वर्षा कर संचालन का स्वागत किया।

वहीं गैरतगंज खंड के मंडल चांदपुर में पथ संचलन संपन्न हुआ। मुख्य वक्ता महेश मेहर सिंह जिला संघ कार्यवाह एवं मुख्य अतिथि रामदास महाराज खंड के खंड कार्यवाह मेघराज ठाकुरमंच पर उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता महेश मेहर ने शताब्दी वर्ष में अधिक से अधिक स्वयं सेवक सक्रिय रूप से कार्य कर राष्ट्र को परम वैभव पर ले जाने के लिए कार्य करें।

## राज्य स्तरीय किरार धाकड़ सामाजिक सम्मान सम्मेलन हुआ आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

किरार धाकड़ समाज के प्रदेश स्तरीय सम्मान समारोह एवं समाज मे व्याप्त कुरीतियों एवं सामाजिक कार्यक्रमो में फिजूलखर्ची, सामूहिक विवाह को प्रोत्साहन आदि अनेक विषयों पर संकल्पित निर्णय लेने प्रदेश के अनेक जिलों से आये हजारो सामाजिक स्वजनों, उपस्थित संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष, पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष सदस्यों, जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में 9 अक्टूबर को उदयपुरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम नानपोन तह. बाड़ी में अखिल भारतीय किरार धाकड़ सामाजिक विकास कल्याण समिति के तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह हुआ इस अवसर पर केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का वर्चुअल माध्यम से सानिध्य प्राप्त हुआ।



कार्यक्रम में नर्मदापुरम सांसद दर्शन सिंह चौधरी , अरविंद धाकड़, देवकुमार पटेल, धर्मेंद्र सिंह चौहान, बरेली नपा अध्यक्ष हेमंत राजाभैया चौधरी, संस्था के संरक्षक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष हरिबाबू धाकड़, प्रदेश अध्यक्ष सेठ धनराज सिंह चौहान, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विजय सिंह, भाजपा नेता शुभम चौहान सहित हजारों सामाजिक स्वजनों की उपस्थित में समाज को अपने इतिहास से अवगत कराने के साथ समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने का आग्रह किया।

### जिला स्तरीय फ्लोरोसिस स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित

## फ्लोराइड प्रभावित गांवों के स्कूली बच्चों के दांतों की हुई जांच


हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा के निर्देशानुसार सीएमएचओ डॉ. एचएन मांडरे के मार्गदर्शन में विकासखंड बेगमगंज के फ्लोराइड प्रभावित ग्राम सुमेर, सुनहरा, वीरपुर, तुलसीपार एवं पांडाझिर के शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूलों में राष्ट्रीय फ्लोरोसिस निवारण एवं नियंत्रण कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय जांच शिविर का आयोजन किया।

शिविर की टीम में डॉ एमडी भारती जिला फ्लोरोसिस नोडल अधिकारी एवं बीएमओ डॉ नितिन तोमर एवं राष्ट्रीय बाल सुरक्षा कार्यक्रम टीम के डॉ बब्लू साहू के साथ संयुक्त रूप से टीम द्वारा बच्चों का फ्लोरोसिस परीक्षण किया। जिसमें कई बच्चे संभावित डेंटल फ्लोरोसिस से ग्रसित मिले, जो बच्चे प्रभावित मिले।

प्रभावति बच्चों के यूरीन सैंपल टेक्नीशियन डेनिस जार्ज द्वारा लिया। बच्चे जिस जलस्त्रोत का पानी पी रहे हैं, उनके पानी का सैंपल लिया। जिनसी जांच जिला फ्लोरोसिस लैब जिला चिकित्सालय में की जाएगी। साथ ही सभी संभावित डेंटल फ्लोरोसिस से प्रभावित बच्चों को चिन्हित कर लिया गया। उन्हें आवश्यक उपचार के रूप में डॉक्टरों द्वारा कैल्शियम विटामिन सी एवं मल्टीविटामिन की दवाइयां दी गई।





### ग्रामीणों व बच्चों को फ्लोरोसिस के बारे में बताकर किया जागरूक

साथ ही डॉ भारती द्वारा ग्रामीणों एवं स्कूल शिक्षकों, बच्चों को विस्तार से फ्लोरोसिस बीमारी के बारे में पेंपलेट पोस्टर के माध्यम से बताकर जागरूक किया। फ्लोरोसिस बीमारी से बचने के उपाय बताए गए, जिसमें बताया कि दवाइयों के साथ दैनिक जीवन में दूध दही एवं हरी सब्जियों का इस्तेमाल ज्यादा करें। पानी में 1 पीपीएम से ज्यादा फ्लोराइड वाले पानी का इस्तेमाल पीने में न करें। 1 पीपीएम से ज्यादा फ्लोराइड वाले पानी का इस्तेमाल करने से तीन प्रकार के फ्लोरोसिस रोग हो सकते हे - डेंटल फ्लोरोसिस- दांतों पर आड़ी लाइनें दिखाई देना, दांतों में सफेद पीले धब्बे दिखाई देना। दांतों में भूरा कालापन दिखाई देना, लक्षण समूह में दिखाई देना, अर्थात किसी एक दांत में न होकर दो या दो या दो से अधिक दांतों में दिखाई देना, दांतों एवं मसूड़ों के बीच की पकड़ कमजोर होना।

इस मौके पर शिक्षक एवं ग्रामीण जनों के साथ स्वास्थ्य विभाग के सीएचओ एएनएम आंगनवाड़ी आशा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### स्केलटन फ्लोरोसिस के लक्षण

पैरों की हड्डियों में कमजोरी तथा टेढापन, रीढ़ की हड्डी में अकड़न, आगे की ओर झुकी हुई कड़ापन, जोड़ों में अकड़न अथवा प्रचण्ड दर्द, दोनों, कमर से नीचे अंतिम कूल्हे की हड्डी में प्रचण्ड दर्द, बच्चे बुढ़े की भांति दिखाई देना, गर्दन में अकड़न, स्थाई विकलांगता।

### नॉन स्केलटन फ्लोरोसिस रोग

जब शरीर में निरंतर लंबे समय से फ्लोराइड की मात्रा 5 पीपीएम से अधिक सेवन करने से शरीर के कोमल ऊतक, अंग तथा तंतु प्रभावित होते हैं।